भारतीय जनता पार्टी
(केंद्रीय कार्यालय)
6A, दीनदयाल उपाध्याय मार्ग, नई दिल्ली

24 अप्रैल 2026, शुक्रवार

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह द्वारा पश्चिम बंगाल के कोलकाता में आयोजित प्रेस वार्ता के मुख्य बिंदु

****

पश्चिम बंगाल के पहले चरण की 152 सीटों में भाजपा 110 से ज्यादा सीटें जीत रही है और दूसरे चरण को मिलाकर प्रचंड बहुमत से सरकार बनाने वाली है

ममता दीदी, बंगाल का अगला CM बंगाली ही होगा, लेकिन वह आपका भतीजा नहीं, भाजपा का कार्यकर्ता होगा

पश्चिम बंगाल में TMC जाने वाली है और भाजपा आने वाली है; भय जाने वाला है, भरोसा आने वाला है

भाजपा बंगाल में असम की तर्ज पर एंटी-एन्क्रोचमेंट ड्राइव चलाकर जमीन को घुसपैठियों से मुक्त कराएगी

पश्चिम बंगाल में बहुत लंबे समय के बाद शांतिपूर्ण चुनाव हुआ, इसके लिए चुनाव आयोग, CAPF और पश्चिम बंगाल पुलिस का अभिनंदन करता हूँ

बंगाल में 4 मई को TMC का 'भाइपो टैक्स' बंद हो जाएगा

ओडिशा और बिहार में भाजपा सरकार है, 4 तारीख के बाद अंग, बंग, कलिंग तीनों जगह भाजपा सरकार होगी, जिससे पूरे पूरब में 'पूर्वोदय' को गति मिलेगी

पश्चिम बंगाल में भाजपा सरकार TMC के घोटालों की जांच सुप्रीम कोर्ट के रिटायर्ड जज के नेतृत्व में कराएगी और भ्रष्टाचारियों को जेल भेजेगी

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने आज शुक्रवार को पश्चिम बंगाल के कोलकाता में प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए बंगाल चुनाव के पहले चरण में हुए अभूतपूर्व रिकॉर्ड मतदान के लिए पश्चिम बंगाल की जनता का धन्यवाद किया। श्री अमित शाह ने कहा कि बंगाल की जनता ने सारे रिकॉर्ड तोड़ते हुए बदलाव के लिए वोट किया है और पहले चरण में भारतीय जनता पार्टी 152 सीटों में से 110 से अधिक सीटें जीतने जा रही है। साथ ही दूसरे

चुनाव चरण को मिलाकर प्रचंड बहुमत के साथ बंगाल में पूर्ण रूप से भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने जा रही है।

श्री अमित शाह ने कहा कि कल बंगाल विधानसभा 2026 चुनाव के प्रथम चरण में मतदान के दौरान बंगाल की जनता ने सारे रिकॉर्ड तोड़ते हुए अभूतपूर्व उत्साह और जोश के साथ परिवर्तन के लिए वोट किया है। मतदान का जो प्रतिशत सामने आया है, वह देश के लोकतंत्र में भरोसा करने वाले लोगों का उत्साह बढ़ाने वाला है। बंगाल के मतदाताओं ने 'भय से भरोसे' की यात्रा को बहुत अच्छे तरीके से शुरू किया है और दूसरे चरण के मतदाता भी इस यात्रा को आगे बढ़ाएंगे। चुनाव आयोग, सीएपीएफ, चुनाव आयोग के सहयोग में लगे पूरे तंत्र और बंगाल पुलिस को भी हृदयपूर्वक बहुत-बहुत अभिनन्दन कि बंगाल में बहुत लंबे समय बाद ऐसा चुनाव हुआ है जिसमें एक भी मृत्यु नहीं हुई है, जो अपने आप में अभूतपूर्व है।

केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि हमारे पास जो फीडबैक आया है, उसमें बंगाल की जनता ने अपना भविष्य पहले चरण में ही तय कर लिया है। कविगुरु रवीन्द्रनाथ टैगोर, महान सुभाष चंद्र बोस और खुदीराम बोस की इस भूमि ने विकास को चुना है। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में भारत के विकास की जो यात्रा चल रही है, उसमें बंगाल के प्रथम चरण के मतदाताओं ने स्पष्ट कर दिया है कि बंगाल भी उसमें जुड़ने जा रहा है। 16 जिलों की 152 सीटों पर 92.98% मतदान यह बताता है कि ममता बनर्जी जाने वाली हैं और भाजपा आने वाली है। बंगाल से भय जाने वाला है और भरोसा आने वाला है। हमने देर रात तक सभी विधानसभा के कार्यकर्ताओं के साथ भारतीय जनता पार्टी बंगाल की टीम द्वारा हुए मतदान का आकलन किया है। भारतीय जनता पार्टी 152 सीटों में से 110 से अधिक सीटें जीतने जा रही है। इसका अर्थ यह है कि दूसरे चुनाव चरण को मिलाकर प्रचंड बहुमत के साथ बंगाल में पूर्ण रूप से भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने जा रही है।

श्री शाह ने कहा कि 2016 के चुनाव में 1278 लोग घायल हुए थे, 2021 में 1681, 2023 के पंचायत चुनाव में 664 और 2024 के आम चुनाव में 761 लोग घायल हुए थे। इसके मुकाबले कल 30 से कम लोग घायल हुए, जो यह दर्शाता है कि व्यापक रूप से चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ है और मृत्यु का आंकड़ा शून्य रहा है। बंगाल में मतदान में हुई वृद्धि भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनाने के लिए परिवर्तन का संकेत है, क्योंकि जिस प्रकार माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी और अन्य नेताओं की रैलियों तथा रोड शो को व्यापक समर्थन मिला, वही समर्थन प्रथम चरण में बैलेट मशीन में भी दर्ज हुआ है। पहले एक बड़ी आशंका व्यक्त की जा रही थी कि जनसमर्थन तो है, लेकिन क्या वह मतदान केंद्र तक पहुंचेगा? अब यह आशंका समाप्त हो गई है और हमें विश्वास है कि दूसरे चरण में और अधिक उत्साह के साथ मतदान होगा। अब दूसरे चरण के मतदाताओं की यह जिम्मेदारी है कि इस परिवर्तन के दौर को आगे बढ़ाएं। 5 तारीख के बाद अंग, बंग और कलिंग तीनों क्षेत्रों में भारतीय जनता

पार्टी का शासन होगा, कमल का शासन होगा और यह पूरे पूर्वी भारत के लिए एक शुभ संकेत है।

भाजपा के वरिष्ठ नेता ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने 2014 में कहा था कि भारत माता की दोनों भुजाओं का समविकास होना चाहिए। पश्चिम के क्षेत्रों में विकास काफी अच्छा हुआ है, जबकि किसी न किसी कारण से पूर्व के क्षेत्र पिछड़े रह गए हैं। पूरा नॉर्थ ईस्ट, बंगाल, बिहार और ओडिशा में भारतीय जनता पार्टी का शासन आने के बाद पूर्व के विकास की जो शुरुआत यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने की है अर्थात पूर्वोदय की, उसकी गति और तीव्रता के साथ बढ़ेगी। बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी अफवाह फैला रही हैं कि यदि बंगाल में भाजपा का शासन आया तो बाहरी लोग शासन करेंगे। हम स्पष्ट करते हैं कि बंगाल का अगला मुख्यमंत्री बंगाल में जन्मा, बांग्ला माध्यम में पढ़ा-लिखा और बांग्ला बोलने वाला होगा। बस वह ममता बनर्जी का भतीजा नहीं होगा, बल्कि भारतीय जनता पार्टी का कार्यकर्ता होगा और अगली सरकार भी बंगाल के ही भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा बनाई जाएगी।

श्री अमित शाह ने कहा कि बंगाल में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने के बहुत बड़े मायने हैं और हमारी पहली प्राथमिकता महिलाओं को सुरक्षा प्रदान करना और उन्हें भयमुक्त करना होगा। जिस राज्य की महिला मुख्यमंत्री यह कहती हों कि 7 बजे के बाद महिलाओं को घर से निकलने की आवश्यकता नहीं है। 5 तारीख को भाजपा सरकार बनने के बाद रात 1 बजे भी कोई किशोरी स्कूटी लेकर निकलेगी तो कोई गुंडा उसकी ओर आंख उठाकर नहीं देख पाएगा। भाजपा ने आरजी कर की पीड़िता की माताजी और संदेशखाली की पीड़िता को प्रत्याशी बनाया गया है, जो टीएमसी के गुंडों की शिकार रही हैं। वे विधानसभा में बैठकर ऐसे गुंडों के खिलाफ कठोर प्रशासनिक नियम बनाने का कार्य करेंगी। आने वाले समय में बड़ा परिवर्तन देखने को मिलेगा और महिला आरक्षण का विरोध करने पर बंगाल की मातृ शक्ति इस चुनाव में मुख्यमंत्री को जवाब देगी।

केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि हम चुनाव में शेष बचे सभी क्षेत्रों के लोगों से भी कहना चाहते हैं कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने के बाद व्यापारियों से किसी प्रकार का भाईपो टैक्स नहीं लिया जाएगा और सिंडिकेट व्यवस्था को समाप्त कर दिया जाएगा। बंगाल में प्रशासन का राजनीतिकरण और राजनीति का अपराधीकरण एक नासूर बन चुका है, जिससे बंगाल की जनता को मुक्त कराया जाएगा। बंगाल में आधुनिक खेती के लिए पिछले 50 वर्षों से कोई संगठित प्रयास नहीं हुआ है। मां गंगा की कृपा से आने वाली उपजाऊ मिट्टी और पानी की उपलब्धता के आधार पर ही यहां के किसान खेती करते हैं, आने वाले समय में किसानों की खुशहाली के लिए परंपरागत फसलों पर बड़े रिसर्च सेंटर स्थापित किए जाएंगे। आलू, धान, मालदा के प्रसिद्ध आम और पान जैसी फसलों की खेती को वैज्ञानिक तरीके से

आगे बढ़ाया जाएगा। पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी ने भ्रष्टाचार को संस्थागत रूप देने का काम किया है, 32 से अधिक घोटालों के माध्यम से 10,000 करोड़ रुपए से ज्यादा का भ्रष्टाचार हुआ है। भारतीय जनता पार्टी की सरकार पारदर्शी और भ्रष्टाचार मुक्त शासन देगी, साथ ही भ्रष्टाचार करने वालों के खिलाफ श्वेत पत्र जारी किया जाएगा। इन आरोपों की जांच सुप्रीम कोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायाधीश से कराई जाएगी और दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाई जाएगी, ताकि भविष्य में कोई भ्रष्टाचार करने का साहस न कर सके।

श्री शाह ने कहा कि हमने बंगाल के मतदाताओं से परिवर्तन की अपील की है। परिवर्तन का अर्थ घुसपैठ मुक्त बंगाल बनाना है। इसका मतलब है, ऐसी सीमाएं सुनिश्चित करना जहां घुसपैठ न हो, भ्रष्टाचार मुक्त प्रशासन देना और तुष्टीकरण की राजनीति से बंगाल को पूरी तरह मुक्त करना। रंगदारी और सिंडिकेट राज को समाप्त करना, विकास की तेज रफ्तार के लिए उद्योगों का स्वागत करना और इसके माध्यम से युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ाना भी इस परिवर्तन का हिस्सा है। आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर और निवेश के लिए शॉर्ट टर्म और लॉन्ग टर्म नीतियां बनाकर उन्हें संसाधनों के साथ जमीन पर उतारा जाएगा। कानून का राज स्थापित किया जाएगा, सिंडिकेट राज से जनता को और प्रशासन को राजनीतिक दबाव से मुक्त किया जाएगा। हजारों हेक्टेयर भूमि घुसपैठियों के अनाधिकृत अतिक्रमण में है और असम की तर्ज पर बंगाल में भी बड़े स्तर पर अभियान चलाकर इस भूमि को विकास के लिए मुक्त कराया जाएगा। धार्मिक उत्सवों पर हमलों की जो परंपरा बन गई है, उसे समाप्त किया जाएगा और यह सुनिश्चित किया जाएगा कि रामनवमी, सरस्वती पूजा और दुर्गा विसर्जन जैसे सभी धार्मिक आयोजनों पर कोई हमला न हो सके।

भाजपा के वरिष्ठ नेता ने कहा कि हम बंगाल की जनता से इतना ही कहना चाहते हैं कि देश का एक बहुत बड़ा हिस्सा माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में विकसित भारत की यात्रा से जुड़ चुका है। जनता का प्यार, उत्साह और भरोसा पूरे प्रचार अभियान के दौरान स्पष्ट रूप से दिखाई पड़ा है और हमारा मानना है कि यही भरोसा वोट में परिवर्तित होकर भारतीय जनता पार्टी की विजय सुनिश्चित करेगा। श्री शाह ने पुनः दूसरे चरण के सभी मतदाताओं से अपील की कि वे भयमुक्त होकर और अपनी इच्छा के अनुसार मतदान करें। मतदान में किसी प्रकार की धांधली न हो, इसके लिए चुनाव आयोग ने बहुत अच्छी व्यवस्था की है। हम लोगों से बंगाल के सुनहरे भविष्य के लिए मतदान करने और भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनाने का आह्वान करते हैं। हम पहले चरण के मतदाताओं और चुनाव आयोग के नेतृत्व में कार्य कर रहे सभी सुरक्षाकर्मियों का अभिनंदन एवं धन्यवाद करते हैं।

****